Questions

किन आधारों पर गंगा अपवाह तंत्र उत्तर प्रदेश की जीवन रेखा कहलाता है ? व्याख्या कीजिए। (Mark's 12)

On what grounds is the Ganga drainage system called the lifeline of Uttar Pradesh? Explain.

(Answer in 125 Words)

Don't write anything in this part

Answer key points

गंगा अपवाह तंत्र को उत्तर प्रदेश की जीवन रेखा कहा जाता है क्योंकि यह राज्य के आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और कृषि जीवन का मुख्य आधार है। इसके प्रमुख आधार निम्नलिखित हैं -

- कृषि का मुख्य आधार जैसे - गंगा यमुना जैसी नदियाँ उपजाऊ जलोढ़ मिट्टी लाती हैं। जिससे गंगा का मैदान अत्यंत उपजाऊ बनता है राज्य में गेहूँ, धान, गन्ना आदि फसलों की भरपूर खेती इसी कारण संभव।
- सिंचाई की सुविधा - ऊपरी गंगा नहर और निचली गंगा नहर जैसे विशाल नहर तंत्रों के माध्यम से लाखों हेक्टेयर कृषि भूमि को पानी मिलता है।
- पेयजल एवं घरेलू उपयोग - कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी और गाजीपुर गंगा के किनारे बसे हैं।
- परिवहन और व्यापार। जैसे - प्रयागराज से हल्दिया तक का राष्ट्रीय जलमार्ग-1 (NW -1) गंगा के माध्यम से व्यापार और परिवहन को सुगम बनाता है, जो राज्य के आर्थिक विकास में सहायक है।
- धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व - गंगा केवल एक जल स्रोत नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान का केंद्र है। कुंभ मेला (प्रयागराज) और वाराणसी के घाट दुनिया भर के पर्यटकों और श्रद्धालुओं को आकर्षित करते हैं, जिससे राज्य के पर्यटन राजस्व में बड़ा योगदान मिलता है।
- आर्थिक और औद्योगिक आधार - गंगा के किनारे कई उद्योग (जैसे कानपुर के चमड़ा उद्योग और वाराणसी के वस्त्र उद्योग)। इसके अलावा, नदी मत्स्य पालन (Fisheries) और पर्यटन के माध्यम से हजारों परिवारों को आजीविका प्रदान करती है।
- भूजल पुनर्भरण (Groundwater Recharge): गंगा और उसकी सहायक नदियाँ पूरे क्षेत्र के जल स्तर को बनाए रखने में मदद

गंगा अपवाह तंत्र कृषि, पेयजल, उद्योग, परिवहन तथा धार्मिक जीवन का आधार है। इसलिए इसे उत्तर प्रदेश की जीवन रेखा कहा जाता है।

Mains Ready ? 29 Weeks ?
Join UPPCS 2026
"Write Smarts.Write Every Day.Succeed Decisively."
UPPCS-2026 Score Improvement Programme
- General Studies - 41
- Essay - 5
Mains Enrichment Program - 2026
Register at: +91 8887039761